आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 रविवार                                                         दिनांक 11.01.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल ऐतिहासिक गौरव का उत्सव नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सोमनाथ मंदिर यात्रा से परिचित कराने का अवसर भी है।

2– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के अधिकारियों–कर्मचारियों का महंगाई भत्ता पचपन से बढ़ाकर अंठावन प्रतिशत करने की घोषणा की।

3– बालोद जिले के दुधली में आयोजित भारत स्काउट्स और गाइड्स के राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी के तीसरे दिन आज युवा संसद का आयोजन किया गया।

और

4– स्वामी विवेकानंद की जयंती कल राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाएगी–प्रदेश में होंगे अनेक कार्यक्रम।

..............

<u>प्रधानमंत्री–सोमनाथ</u>

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल ऐतिहासिक गौरव का उत्सव नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सोमनाथ मंदिर यात्रा से परिचित कराने का अवसर भी है। श्री मोदी ने कहा कि यह

पर्व अटूट आस्था और समर्पण का पर्व है। प्रधानमंत्री ने विभाजनकारी तत्वों को परास्त करने के लिए देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की है।

वो ताकतें मौजूद हैं, पूरी तरह सक्रिय हैं, जिन्होंने सोमनाथ पुर्ननिर्माण का विरोध किया, और इसलिए हमें ज्यादा सावधान रहना है। हमें, खुद को शक्तिशाली बनाना है, एकजुट रहना है। ऐसी हर ताकत को हराना है जो हमें बांटने की साजिश रच रही है।

प्रधानमंत्री ने आज गुजरात के प्रभास पाटन में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की भव्य शौर्य यात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि सोमनाथ की रक्षा करने वाले अनगिनत योद्धाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी। श्री मोदी ने कहा कि यह पर्व केवल ऐतिहासिक वैभव का प्रतीक नहीं, बल्कि यह सोमनाथ मंदिर की अनंत यात्रा को भावी पीढियों तक पहुंचाने का अवसर भी है।

प्रगति

---

सुशासन और योजनाओं के समय से कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र– प्रगति ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष दो हजार पन्द्रह में इसका शुभारम्भ किया था। प्रगति तंत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा और निगरानी के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और जन शिकायतों का समाधान सम्भव हुआ है। इस तंत्र ने केन्द्र, राज्य और केन्द्रीय मंत्रालयों को एक डिजिटल मंच पर लाकर सहकारी संघवाद का उदाहरण पेश किया है। एक दशक से भी लंबे समय के दौरान प्रगति से निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज हुई है और परियोजनाओं में विलम्ब के कारणों का समाधान हुआ है, साथ ही जवाबदेही भी तय हुई है।

कर्मचारी–महंगाई भत्ता

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के अधिकारियों–कर्मचारियों का महंगाई भत्ता पचपन से बढ़ाकर अंठावन प्रतिशत करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अब राज्य के अधिकारियों और कर्मचारियों को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता मिलेगा। मुख्यमंत्री ने आज राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के आठवें प्रदेश अधिवेशन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सरकार की कर्मचारी–हितैषी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और बढ़ती महंगाई के बीच कर्मचारियों को राहत प्रदान करेगा।

बालोद–जंबूरी

बालोद जिले के दुधली में आयोजित भारत स्काउट्स और गाइड्स के राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी के तीसरे दिन आज युवा संसद का आयोजन किया गया। इसमें रोवर–रेंजरों ने सांसदों की भूमिका निभाई। साथ ही लोकसभा की वास्तविक कार्यवाही का प्रत्यक्ष और व्यावहारिक अनुभव कराया। इस दौरान लोकहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने युवा संसद में अध्यक्ष की भूमिका का निर्वहन किया। डॉक्टर सिंह ने युवा संसद की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं और जिम्मेदार नागरिकता की मजबूत नींव पड़ती है।

इसके अलावा जंबूरी में आज तीसरे दिन प्रतिभागियों के लिए विविध और प्रेरक गतिविधियों का आयोजन किया गया। वहीं, आदिवासी वेशभूषा में पारंपरिक व्यंजनों के निर्माण के साथ लोकवाद्यों की भी प्रस्तुति दी गई। साथ ही हॉर्स राइडिंग, बाइक रेस और वाटर एक्टिविटी जैसी गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय युवा दिवस

कल स्वामी विवेकानंद की जयंती है, जिसे राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों विशेषकर युवाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति के अमर प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनके ओजस्वी विचारों ने न सिर्फ भारत बल्कि संपूर्ण विश्व को आत्मविश्वास, सेवा और अध्यात्मिक जागरण की नई दिशा दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राज्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के स्कूलों, कॉलेजों के विद्यार्थी और खिलाड़ी शामिल होंगे।

राष्ट्रपति–आमंत्रण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गणतंत्र दिवस पर छब्बीस जनवरी को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में देशभर की जिन प्रतिभाओं को आमंत्रित किया है, उनमें
छत्तीसगढ़ के भिलाई की छात्रा कविता साहू और दिव्यांग शिक्षक गौकरण पाटिल भी शामिल हैं।

छात्रा कविता साहू का चयन देशभर के चुनिंदा नवाचार विद्यार्थियों में हुआ था। उन्होंने अपने स्कूल की अटल टिकरिंग लैब में एक रोबोटिक आइडिया तैयार किया था, जिसे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भेजा गया था। कविता साहू ने अपने इस आइडिया की बदौलत कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच देश के टॉप टेन बच्चों में अपनी जगह बनाई थी।

वहीं, शिक्षक गौकरण पाटिल का चयन चित्रकला में उनकी अद्‌भुत दक्षता के लिए किया गया है। भिलाई स्थित रिसाली सेक्टर निवासी गौकरण पाटिल जन्म से ही दोनों हाथों से दिव्यांग हैं। वे ना बोल सकते हैं और ना ही सुन सकते हैं। लेकिन, अपनी इस शारीरिक सीमाओं के बावजूद वे अपने पैरों और मुंह की सहायता से चित्र बनाते हैं। बिना हाथों के भी वे अपने चित्रों को रंगों और भावों से जीवंत कर देते हैं।

गौकरण के भाई नरेन्द्र कुमार ने बताया कि अपनी इस अद्‌भुत प्रतिभा के कारण वे वर्तमान में रायपुर स्थित कोपलवाणी स्कूल में चित्रकला शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

गौकरण पाटिल ने यह साबित कर दिखाया है कि शारीरिक अक्षमता कभी भी प्रतिभा और संकल्प की राह में बाधा नहीं बन सकती। वे आज दूसरे दिव्यांगजनों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं।

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए इस वर्ष अब तक चार करोड़ से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष तीन करोड़ छप्पन लाख के गिनिज वर्ल्ड रिकॉड्र्स को पार कर चुका है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बताया कि यह पहल वार्षिक संवाद कार्यक्रम से आगे बढ़कर विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का तनाव दूर करने का राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन चुका है।

ऑनलाइन ट्रेडिंग–ठगी

ऑनलाइन ट्रेडिंग और आईपीओ में भारी मुनाफे का लालच देकर साइबर ठगों द्वारा भिलाई स्टील प्लांट के सेवानिवृत्त एक अधिकारी से अट्ठाईस लाख पचास हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर पीड़ित को एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, ग्रुप के माध्यम से विभिन्न कंपनियों के शेयरों में ऑनलाइन ट्रेडिंग कराई गई। प्रारंभिक ट्रेडिंग में पीड़ित को लाभ भी मिला। इसके बाद आरोपियों ने आईपीओ में निवेश करके और अधिक मुनाफा का लालच दिया। इसके लिए पीड़ित का एक ऐप में अकाउंट बनाया गया। लेकिन जब उन्होंने ऐप से राशि निकालने का प्रयास किया तो उन्हें ठगी का पता चला। पुलिस द्वारा संदिग्ध बैंक खातों, मोबाइल नंबरों, ऐप और डिजिटल ट्रांजेक्शन की जांच की जा रही है।

कांग्रेस प्रवक्ता–निकाष्सन

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रवक्ता विकास तिवारी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैदू की ओर से जारी निष्कासन आदेश में कहा गया है कि बीते दिनों विकास तिवारी ने झीरम घाटी मामले में गठित न्यायिक जांच आयोग को प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का नार्को टेस्ट कराए जाने के लिए आवेदन दिया था। इसके बाद पार्टी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसका संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर यह कार्रवाई की गई।

दुर्घटना

सरगुजा जिले के हर्राटिकरा–केशवपुर मार्ग पर कल रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, चार अन्य लोग घायल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार एक कार में सवार होकर छह लोग घूमने के लिए निकले थे। इसी दौरान उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

उधर, दुर्ग जिले के ग्राम निकुम–मासाभाठ मार्ग पर तेज रफ्तार एक मोटर साइकिल पुलिया से नीचे गिर गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई।

संक्षिप्त समाचार

– कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे "मनरेगा बचाओ संग्राम" अभियान के तहत आज राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के जिला मुख्यालयों में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने एक दिन का उपवास रखकर धरना–प्रदर्शन किया।

और

–  सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा सत्रह स्थानीय गाइडों को एक माह के प्रशिक्षण के लिए ग्वालियर स्थित भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान भेजा गया है। इस दौरान इन गाइडों को विरासत पर्यटन, गाइडिंग कौशल, आगंतुक प्रबंधन, स्टोरी टेलिंग, सांस्कृतिक व्याख्या आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>